छात्रों को अस्पताल में भरती कराया गया था। इनमें से 37 छात्रों को दूसरे ही दिन अस्पतालसे छट्टी दे दी गई थी तथा शेष तीन छात्रों को दो दिन के पश्चात् छुट्टी दी गई थी।

घटना के तुरन्त पश्चात् तकनीकी विशेषज्ञों तथा दिल्ली के अपर जिला मजिस्ट्रेट की एक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मुख्य इंजीनियर/महाप्रबंधक (निर्माण), नवोदय विद्यालय समिति के विस्तृत निरीक्षण के माध्यम से यह कार्यवाई पूरी की गई थी। निरीक्षण के पश्चात् टीम को यह पता चला कि भूमि काफी नीची है तथा दिल्ली बाढ़ नियंत्रण विभाग ने अप्रवाहित पानी को अन्यत्र ले जाने के लिए एक खुला नाला खुदवाया था जिसके कारण एच०डी० पी० की जल आपूर्ति की पाइप लाइनें टूट-फूट गई थी तथा पीने का पानी दूषित हुआ था।

समिति ने बाह्य तथा आन्तरिक जल-प्रवाह, आन्तरिक मल व्ययन प्रणाली की नई रूपरेखा तैयार करने, जल आपूर्ति हेतु जी आई पाइप के परिवर्तन की योजना तथा प्रावधान जैसे आवश्यक कदम उठाए हैं। इस बीच विद्यालय को अस्थायी तौर पर तब तक के लिए बन्द कर दिया गया है जब तक कि स्वास्थ्य प्राधिकारियों की अनुमति प्राप्त नहीं हो जाती। इस घटना के कारण छात्रों को पढ़ाई में जो व्यवधान हुआ है उसे शरद अवकाश के दौरान कक्षाएं चलाकर पूरा किया जाएगा।

Transfer Guidelines of Mon-Teacbing Employees of KVS

1648. SHRI J. S. RAJU:
SHRI MISA R. GANESAN:

WiH the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the details ot" guidelines which regulate transfers ar.d promotional postings of non-teaching " employees of regional offices and headquarter office of Kendriya Vidyalaya Sangatliaa; and

fb) whether these- are being adhared to scrupulously?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) und *(b)*. Kendriya Vidyalaya Sangathan has intimated that no specific guidelines have been prescribed for effecting transfer* of non-teaching employees of the Kendriya Vidyalaya Sangathan. However, due consideration is given to the length of stay| station, seniority, medical cases, spouse cases etc. while making such transfers.

रोजगारोन्मुख शिक्षा नीति

1649. **श्री ईश दत्त यादव :**
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार रोजगारोन्मुख शिक्षा नीति के संबंध में प्रारूप तैयार करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में वैयक्तिक रोजगार के अवसर को बढ़ाने तथा कुशलता प्राप्त जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच विषमता को कम करने के लक्ष्य (नीति के पैरा 5.16 से 5.23) के साथ व्यावसायिक शिक्षा पर पहले से ही काफी बल दिया गया है। व्यावसायिक शिक्षा में बड़ी संख्या में शिक्षकों और व्यावसायिकों को रखने की आवश्यकता महसूस कर ली गई है (पैरा